SOLVAY
asking more from chemistry®

PLASTINDIA 2015
EXPANDING HORIZONS
9th International Plastics Exhibition & Conference
Feb. 5-10, 2015; Gandhinagar,Gujarat

Press Release

सॉल्वे ने भारत में विशिष्ट पॉलीमर की बढ़ती हुई माँग को पहचाना है

मुख्य बाजार क्षेत्रों में उच्च–प्रदर्शन वाले पॉलीमर में महत्वपूर्ण वृद्धि संभावित है।

गाँधीनगर (गुजरात) भारत फर. 5, 2015 – सॉल्वे गाँधीनगर (गुजरात) की उन्नत अर्थव्यवस्था एवं भारतीय उप–महाद्वीप के उन्नत भविष्य में सक्रिय योगदान, विभिन्न उद्योगों में उपयोगी इसके उच्च–प्रदर्शन वाले विशिष्ट पॉलीमर के व्यापक विकल्पों के प्रदर्शन हेतु आयोजित नवम प्लास्टइंडिया प्लास्टिक प्रदर्शनी एवं सम्मेलन के अवसर का स्वागत करता है। सॉल्वे के पास विशिष्ट पॉलीमर की सबसे विस्तृत श्रेणी उपलब्ध है एवं ये संपूर्ण भारत के घरेलू बाजार एवं निर्यात क्षेत्र से आने वाली इसकी समस्त आवश्यकताओं की पूर्ति करने में सक्षम एकमात्र संस्थान है।

हाल ही में, साल्वे द्वारा रायटॉन के पॉलीफेनायलीन सल्फाइड व्यापार अधिग्रहण से कंपनी के उत्पाद श्रेणी में विस्तार हुआ है। जिससे असाधारण थर्मल स्थिरता, सटीक रासायनिक प्रतिरोध एवं उच्च प्रवाहक्षमता वाले उच्च–प्रदर्शन वाले विशिष्ट पॉलीमर की बढ़ती हुई माँग आपूर्ति में मदद मिलेगी, विशेष रूप से सटीक महत्व वाले मोटर वाहन एवं इलेक्ट्रोनिक अनुप्रयोग वाले क्षेत्रों में।

सॉल्वे के विशिष्ट पॉलीमर उत्पाद उच्च स्तरीय गुणवत्ता मानकों एवं सुसंगति को पूरा करते हैं। विश्वभर में स्थापित 18 निर्माण इकाइयों से आने वाले इन उत्पादों को 2,900 पेटेंट, 50 से अधिक स्वामित्व वाली तकनीकों एवं सभी क्षेत्रों में स्थापित लगभग 500 अनुसंधान एवं नवीकरण विशेषज्ञों की शक्ति, जिसमें अब सावली (गुजरात) स्थापित साल्वे का नया एवं समर्पित अनुसंधान एवं नवीकरण केन्द्र भी शामिल है, का समर्थन प्राप्त है।

"विभिन्न महत्वपूर्ण उपयोग क्षेत्रों मोटर वाहन, परिवहन एवं इलेक्ट्रॉनिक से लेकर पेकेजिंग, कोटिंग एवं निर्माण आदि से उत्पन्न उच्च–प्रदर्शन वाले उत्पाद की बढ़ती हुई माँग की पूर्ति हेतु भारत का प्लास्टिक उद्योग तेजी से बढ़ रहा है", यह कहना है सॉल्वे विशिष्ट पॉलीमर के भारत में विक्रय एवं विपणन प्रमुख श्री अमलन दास का।

श्री दास ने यह भी कहा कि "संपूर्ण एशिया में बढ़ रही माँग की आपूर्ति हेतु, साल्वे ने अपने पानोली (गुजरात) वाली इकाई में केटास्पायर पीक के माल के उत्पादन क्षमता को बढ़ाने का निर्णय लिया है। यह इकाई वेराडेल पेसू रेजिन एवं संबंधित मोनोमर्स का भी उत्पादन करती है, एवं हाल ही में इसे भारतीय रासायनिक परिषद से रिस्पॉन्सिबल केअर का प्रमाणपत्र भी प्राप्त हुआ है।"

40 करोड़ उच्च मध्यम स्तर वाली जनसंख्या के साथ, देश का प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद वर्तमान में यूएस डॉलर 1,500 से अधिक है, जिसके वर्ष 2020[1] तक दोगुना होने की उम्मीद है। सॉल्वे अपने भारतीय ग्राहकों को आज के गतिशील वातावरण में व्यापारिक सफलता एवं प्रतिस्पर्धात्मक लाभ के लिए विशिष्ट पॉलीमर की एक विस्तृत श्रेणी प्रदान करता है।

कंपनी के अल्ट्रा–पॉलीमर्स समूह के स्पायर, जिसमें केटास्पायर पॉलीइथेरेथेकेटॉन (पीक) एवं एवास्पायर पॉलीएरीलेथेरकेटॉन (पैक) शामिल हैं, जो थर्मल माँग वाली सेवा परिस्थितियों में उच्च क्षमता के साथ विशेष शक्ति और कठोरता, घिसाव एवं रासायनिक प्रतिरोध प्रदान करता है। विशिष्ट अनुप्रयोगों में शामिल हैं बार बार किए जाने वाले विसंक्रमण हेतु चिकित्सा उपकरण और साथ ही भार–वाहक एवं ट्रिबॉयोलॉजिकल घटक, जैसे कि बेयरिंग एवं थ्रस्ट वॉशर्स। 275°C ताप प्रतिरोध के साथ, टॉरलॉन पॉलीआमाइड–इमिड (पाई) रेजिंस इस लक्षण श्रेणी को विस्तृत कर कुछ कठोरतम वातावरण के भी अनुकूल बनाता है, उदाहरण के लिए तेल एवं गैस अन्वेषण क्षेत्र में।

स्वास्थ्य सेवा में उपयोग हेतु, सॉल्वीवा बॉयोमटेरियल जैविक सुरक्षा एवं विसंक्रमण के लिए उच्चतम औद्योगिक मानकों की बेहतर पूर्ति करता है, जिसमें शामिल हैं गामा विकिरण, इथाइलीन ऑक्साइड एवं भाप। समूह में शामिल हैं जेन्विआ पीक, जो कि शल्यचिकित्सा प्रत्यारोपण के लिए एक सर्वोचित बॉयो–स्टेबल पॉलीमर है।

सॉल्वे द्वारा निर्मित सल्फोन पॉलीमर्स के अंतर्गत, राडेल पॉलीफेनाइलसल्फोन (पीपीएसयू) सर्वोच्च प्रभाव एवं रासायनिक प्रतिरोध प्रदान करता है, पॉलीसल्फोन एवं पॉलीइथेरीमाइड रेजिंस से भी बेहतर, जबकि वेराडेल पॉलीइथेरसल्फोन्स (पेसू) 204°C तक के उच्च ताप विक्षेपन तापमान एवं निहित उच्च लौ प्रतिरोध में भी बेहतर प्रदर्शन करता है। इसके अनुप्रयोग क्षेत्रों में शामिल हैं प्लंबिंग वाल्व्स से लेकर बेबी बॉटल्स तक, जल शोधन झिल्लियों से लेकर विसंक्रमण में उपयुक्त ट्रे एवं केस।

साल्वे विशिष्ट पॉलीमर के फ्लूओरिनेटेड एवं आंशिक फ्लूओरिनेटेड सामग्री समाधानों में सभी उद्योगों में विशेष रूप से मांग वाले रेजिंस, इलास्टोमर्स, कोटिंग्स एवं फ्लूड की विस्तृत श्रेणी शामिल है। इसके उदाहरणों में शामिल हैं अपनी श्रेणी में सर्वोत्तम एवं उच्च रासायनिक प्रतिरोध, सुसाध्य टेक्नोफ्लॉन, फ्लूओरोइलास्टोमर्स (एफकेएम) साथ ही ओ–रिंग, गास्केट, हॉजेस, एवं केबल्स; अल्गोफ्लॉन, पॉलीटेट्राफ्लूरोइथायलीन (पीटीएफई) प्रसार, निम्न–घर्षण कोटिंग पॉवडर, झरझरा शोधन झिल्ली एवं सुरक्षात्मक रेखांकन; घुलन–प्रक्रियात्मक सोलेफ पॉलीविनायलडीन फ्लूओराइड (पीवीडीएफ) पॉलीमर एवं हालार इथाइलीन क्लोरोट्रीफ्लूओरोइथाइलीन (ईसीटीएफई) रेजिंस असाधारण रासायनिक एवं मौसम प्रतिरोध के साथ, साथ ही शुद्वता, सामान्य तौर पर रसायन वितरण लाइन में आवश्यक, फोटोवॉल्टेइक पिछली एवं अगली सीट्स, एवं सेमीकंडक्टर्स; हायफ्लॉन एवं हायलर फ्लूरोपॉलीमर (पीएफए/एमएफए एवं पीवीडीएफ) कोटिंग जो विद्युत, इलेक्ट्रॉनिक, खाद्य एवं रासायनिक प्रक्रियाओं, मोटर वाहन एवं वास्तुकला में विस्तृत उपयोग के लिए उच्च पृष्ठ लक्षणों के साथ असाधारण थर्मल एवं रासायनिक प्रतिरोध एक साथ प्रदान करता है; एवं मोटर वाहन और इलेक्ट्रॉनिक में तेल और ग्रीस के लिए फोम्ब्लिन परफ्लूरोपॉलीइथर (पीएफपीई) तरल के साथ अतुल्य रासायनिक प्रतिरोध, इलेक्ट्रॉनिक और सौर उर्जा के लिए गाल्डेन पीएफपीई ताप स्थानांतरण अनुप्रयोग और साथ ही जल एवं ग्रीस प्रतिरोधक कागज पेकिंग के लिए सॉल्वेरा पीएफपीई।

साथ ही विशिष्ट पॉलीमर्स की विस्तृत श्रंखला में शामिल है मोटर वाहन हुड–के–नीचे धातु प्रतिस्थापन उपयोग हेतु सेमी–अरोमेटिक अमोडेल पॉलीफटालामाइड (पीपीए) रेजिंस, एवं नाजुक चिकित्सकीय उपकरणों और साथ ही पेय जल उपयोगों हेतु इक्सेल पॉलींरीलामाइड (पारा) घटक, दवा एवं खाद्य पदार्थों की पेकिंग में उपयोग हेतु उच्च–अवरोधक इक्सान एवं डायोफान पॉलीविनाइलीडीन क्लोराइड (पीवीडीसी) कोपॉलीमर्स एवं पॉवडर, जंग प्रतिरोधक कोटिंग, स्याही एवं वार्निस सूत्रीकरण; एवं वायर और केबल उपयोगों, जिनमें व्यापक तापमान श्रेणी पर विस्तृत रासायनिक प्रतिरोध आवश्यक होता है, के लिए क्रास–लिंकेबल (एक्सएलपीई) कोजेगम, पॉलीडन एवं पॉलीडिएमे घटक।

गाँधीनगर (गुजरात) के महात्मा मंदिर सम्मेलन केन्द्र में फरवरी 5 से 10 तक आयोजित इस वर्ष की प्लास्टइंडिया प्रदर्शनी के दौरान साल्वे विशिष्ट पॉलीमर्स का प्रदर्शन हॉल 10, स्टॉल (बूथ) 10आर–बी3 में होगा। विशेष रूप से भारतीय औद्योगिक आवश्यकताओं पर केंद्रित महत्वपूर्ण प्रवृत्तियों एवं अभिनव समाधानों पर विचार हेतु साल्वे के पॉलीमर एवं बाजार विशेषज्ञ उपलब्ध रहेंगे।

\# # #

All material brand names in this release are registered trademarks of Solvay.
Responsible Care® is a registered service mark of the American Chemistry Council.

1 www.plastindia.org/UI/Pages/bggest-business-opportunity-of-2015-opens-its-doors.aspx
1 www.statista.com/statistics/263776/gross-domestic-product-gdp-per-capita-in-india/.

सॉल्वे विशिष्ट पॉलीमर्स के बारे में

सॉल्वे विशिष्ट पॉलीमर्स उच्च–प्रदर्शन पॉलीमर्स के 35 से अधिक ब्राण्ड्स के अंतर्गत 1500 से अधिक उत्पादों का निर्माण करते हैं – फ्लूरोपॉलीमर्स, फ्लूरोइलास्टोमर्स, फ्लूओरीनेटेड तरल, सेमी–अरोमेटिक पॉलीमाइड्स, सल्फोन पॉलीमर्स, अरोमेटिक अल्ट्रा–उच्च प्रदर्शन पॉलीमर्स, उच्च–अवरोध पॉलीमर्स एवं क्रास–लिंक्ड उच्च–प्रदर्शन घटक – एयरोस्पेस, वैकल्पिक उर्जा, मोटर वाहन, हेल्थकेयर, झिल्ली, तेल और गैस, पैकेजिंग, पाइपलाइन, अर्धचालक, तार और केबल, और अन्य उद्योगों में उपयोग के लिए। अधिक जानकारी के लिए देखें www.solvayspecialtypolymers.com

सॉल्वे के बारे में

एक अंतरराष्ट्रीय रसायन समूह के तौर पर, सॉल्वे उद्योगों को और भी अधिक विश्वसनीय एवं मूल्य–वर्धक समाधान खोजने में मदद करता है। सॉल्वे अपने विक्रय का 90प्रतिशत से भी अधिक भाग उन गतिविधियों से प्राप्त करता है जिनमें यह विश्व के तीन अग्रणी निर्माताओं में से एक है। अपने ग्राहकों के प्रदर्शन को उन्नत बनाकर सामाजिक जीवन स्तर की गुणवत्ता में सुधार लाने के अपने एकमात्र लक्ष्य के साथ यह मोटर वाहन या विद्युत या इलेक्ट्रॉनिक सहित उर्जा एवं पर्यावरण क्षेत्र के कई बाजारों को अपनी सेवाएं प्रदान करता है। समूह का मुख्यालय ब्रसेल्स में है, 56 देशों में इसके 29,400 कर्मचारी हैं, एवं 2013 में इसका कुल विक्रय 9.9अरब यूरो रहा है। साल्वे एसए (एसओएलबी) ब्रसेल्स व पेरिस में (ब्लूमबर्ग एसओएलबीः बीबी – रियूटर्सः एसओएलबी, बीआर) एनवायएसई यूरोनेक्स्ट में सूचीबद्ध है।

Press Contacts

Alan Flower
Industrial Media Relations
+32 474 117 091
alan.flower@indmr.com

Clayton Dsouza
SPAG Asia
+91 99 3001 1602
clayton.dsouza@spag.asia

Jun Wu
Solvay Specialty Polymers
+86 21 2350 1326
jun.wu@solvay.com

Alberta Stella
Solvay Specialty Polymers
+39 02 2909 2865
alberta.stella@solvay.com